न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी जिला नागौर(राज0)

पीठासीन अधिकारी :– बाबूलाल जाट, आर.ए.एस.

राजस्व प्रार्थना–पत्र संख्या :– 99 / 2020 **GCMS No.** 2020 / 00196

प्रार्थी

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार कुचामनसिटी

बनाम

अप्रार्थीगण

गोपाल पुत्र बंजरगलाल जाट, बजरंगलाल पुत्र मनाराम जाट, सिणगारी देवी पत्नी डूंगाराम जाट, हणमानराम पुत्र डूंगाराम जाट निवासीगण दौलतपुरा तहसील कुचामनसिटी (नागौर)

आदेश

दिनॉक :– 25-9-2020

तहसीलदार कुचामनसिटी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 131, 132 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 व नियम 58, 59, 60, 66, 86 राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 मय दस्तावेजात नकल जमाबन्दी, नकल नक्शा, सहमति पत्र मौका रिपोर्ट पटवारी हल्का अड़कसर व भू–अभिलेख निरीक्षक चितावा एवं अभिशंषा तहसीलदार कुचामनसिटी का ध्यानपूर्वक अवलोकन व मनन किया गया जिसके अनुसार ग्राम दौलतपुरा तहसील कुचामनसिटी के खसरा नम्बर 232 रकबा 15.30 हैक्टर भूमि में से 1800 मीटर मौके पर रास्ते के रूप में काम मे आ रही है मौके पर रास्ता चालू है खातेदारान द्वारा उक्त भूमि को रास्ते हेतु सहमति प्रदान की है साथ ही तहसीलदार कुचामनसिटी ने उक्त भूमि को रास्ते के रूप में दर्ज किये जाने की अपनी स्पष्ट अभिशंषा की है। इस प्रकार यह प्रार्थना–पत्र स्वीकार किये जाने योग्य होने से स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार कुचामनसिटी को निर्देशित किया जाता है कि ग्राम दौलतपुरा तहसील कुचामनसिटी के खसरा नम्बर 232 रकबा 15.30 हैक्टर किस्म चाही द्वितीय जाव द्वितीय में से 1800 मीटर रिपोर्ट पटवारी हल्का एवं भू.अ.निरीक्षक दिनॉक 26.08.2020 मुताबिक रास्ता दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है, तहसीलदार कुचामनसिटी उक्त अनुसार पालना कर रिपोर्ट इस न्यायालय में पेश करे।

यह आदेश आज दिनॉक 25/9/2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

(बाबूलाल जाट)
उपखण्ड अधिकारी
कुचामनसिटी (नागौर)

उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी (नागौर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Babu Lal Jat
Date: 2020.10.24 12:44:53 IST
Reason: SelfAttested